ई पत्रिका

# नगर पालिका परिषद शामली




मार्च 2024

शामली दर्पण

# नगर पालिका परिषद शामली





श्री रामेन्द्र सिंह
**(अधिशासी अधिकारी)**

श्री अरविंद संगल
(**अध्यक्ष**)

नगर पालिका परिषद्, शामली मार्च 2024 के ई-पत्रिका , शामली दर्पण में स्वागत है। मार्च माह में हुए विकास कार्यों को ई-पत्रिका शामली दर्पण के माध्यम से आप सब तक पहुँचाना चाहते है। शामली नगर पलिका प्रत्येक माह ई-पत्रिका , शामली दर्पण के द्वारा नगर पलिका में हुए विकास कार्यों को आपसब के सामने लाने का प्रयास करता है। जिससे शामली नगर पलिका परिषद के विकास और नई योजनाओं से लाभान्वित हो सके। नगर पालिका परिषद् शामली का एक मात्र उद्देश्य नगर पालिका का विकास है। जिसमें बिना किसी भेद-भाव, सभी समुदायों के लोगों को एकसाथ लेकर आगे बढ़ने का उद्देश्य है। जिसके लिए नगर पलिका परिषद् शामली के निवासियों को इसमें सहयोग महत्वपूर्ण है और नगर पालिका इसका उम्मीद करता है। नगरवासियों से अपील है की नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका की मदद करे। अपने आस-पास साफ- सुथरा रखे। कुड़ा-कचरा डस्टबिन में रखे, गन्दगी न फैलाये। आने वाले कल अच्छा हो इसके लिये आज बेहतर बनायें ।

# NAGAR PALIKA PARISHAD SHAMLI

स्वच्छ भारत
मिशन

I am happy to present the March  2024 issue to all of you. A number of projects have been commissioned in the month of March . The former will help smoothen the flow of traffic, reduce the travel time of citizens, ease the congestion and reduce pollution on nagar road. There have been a lot of lessons to learned and these insights will certainly stand in good stead with us in our endeavors in future. The one thing that stands out is the most active participation of citizens. We, the residence of the Nagar Palika Parishad Shamli respective of ages, castes, creeds, religions, localities have untidily participated in creation of Shamli's Swachh Nagar Palika Parishad proposal. As I look into the future with great expectation, it is this one aspect of the municipality which gives me the greatest hope. We in the Nagar Palika Parishad Shamli, would be very happy to receive your feedbacks on all matters that you feel are important.

**शामली नगर पालिका का वर्ष 2024-25 के लिए आय एवं व्यायनुमान का बजट पारित**

# बोर्ड बैठक में 59.817 करोड़ की हरी झंडी

**शामली** । नगर पालिका की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2024- 25 की वार्षिक आय एवं व्यानुमान का बजट पेश किया गया। इस दौरान 59 करोड़ 81 लाख 70 हजार 65 रुपये की आय का बजट प्रस्तुत किया गया। इसके सापेक्ष व्यानुमान 58 करोड़ बजट 48 लाख का व्यानुमान रखा गया है। बोर्ड ने सर्वसम्मति से एक करोड़ 33 लाख 70 हजार 65 रुपये की वार्षिक बचत के बजट पेश किया गया। 9 करोड़ के विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए। नगर पालिका के सभागार में बोर्ड बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन अरविन्द सगल ने की।


शामली नगर पालिका सभागार में बोर्ड बैठक को संबोधित करते चेयरमैन।

अध्यक्ष की अनुमति के बाद बोर्ड बैठक के बाद ईओ ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 58,8170065 रुपये की अनुमानित आय का बजट सदन के समक्ष रखा। इसमें वार्षिक व्यानुमान 58 करोड़ 48 लाख रुपये रखा गया है। बोर्ड ने उक्त बजट को स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके बाद बोर्ड बैठक में शहर के सौन्दर्यकरण व नवनिर्माण के लिए 25 वार्ड में लगभग नौ करोड़ रूपये के विकास कार्य प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। कैराना रोड पर दोनों साइड नालों की सफाई कार्य के लिए सफाई निरीक्षक को सभा में निर्देश दिया गया। बारातघरों के जीर्णोद्धार कार्य को पास किया। वार्डों के सभासद एवं पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। आवारा कुत्तों को पकड़ने को अभियान चलेगा। सभासद निशीकांत संगल द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि पालिका द्वारा नलकूपों को सौर ऊर्जा से संचालित किया जायें, जिससे सुचारु रूप से जलापूर्ति जनसाधारण को उपलब्ध हो सके।

प्रगति रिपोर्ट, नगर पालिका परिषद शामली की ओर से माननीय अध्यक्ष महोदय श्री अरविंद संगल जी, अधिशासी अधिकारी श्री रामेंद्र सिंह जी द्वारा भैंसवाल रोड स्थित डंपिंग प्लांट पर लगातार कार्य प्रगति पर




फ़ोटो - 01




फ़ोटो - 02




फ़ोटो - 03




फ़ोटो - 04

# स्वच्छता सर्वेक्षण में शामली नगर पालिका ने प्रदेश में पाया 18वां स्थान, चेयरमैन अरविंद संगल को दिल्ली में किया गया सम्मानित

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में शामली नगर पालिका ने प्रदेश में टॉप 20 में जगह बनाई। शामली नगर पालिका को प्रदेश में 18वां स्थान दिया गया है। इसके अलावा देश में शामली नगर पालिका ने 104वां स्थान प्राप्त किया।

नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति की मौजूदगी में उत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सम्मानित किया। देश में नगर पालिका ने 104 वां स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2016 और 2017 में नगर पालिका शामली ने स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 20 में जगह बनाई थी।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में स्वच्छता के मानकों को पूरा करने पर केंद्र सरकार की ओर से बीते साल सर्वेक्षण कराया गया था। इसी के आधार पर राष्ट्रीय पुरस्कार (स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अवार्ड सेरेमनी) की घोषणा की गई।



दिल्ली में नगर पालिका चेयरमैन और अन्य को सम्मानित करते छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री। स्रोत : चेयरमैन

नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने बताया कि दिल्ली के प्रगति मैदान में बृहस्पतिवार को कार्यक्रम आयोजित कियागया, जिसमें उन्हें छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री ने 18वां स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया और बधाई दी। बताया कि सर्वेक्षण में यूपी की करीब 700 नगर पालिका जबकि देश की 4992 नगर पालिका शामिल थी। पुरस्कार मिलने पर चेयरमैन ने नगरवासियों को बधाई दी।

कहा कि नागरिकों के सहयोग से यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। भविष्य में नगर पालिका को पहले नंबर पर लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्हों लोगों से साफ सफाई में सहयोग की अपील की है।

# आबादी के हिसाब से रखे जाएंगे सफाईकर्मी

**शामली**, संवादाता। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में दो सफाई कर्मचारी राजकली व समर पाल की सेवानिवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि आबादी के हिसाब से नगर क्षेत्र में सफाई कर्मचारी रखे जाएंगे। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, ईओ रामेंद्र सिंह एवं उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ यूनिट शामली द्वारा गीता पुराण, विष्णु पुराण, फूलों का गुलदस्ता, और 5-5 लाख का चेक देकर भावपूर्ण विदाई दी गई। आगामी सम्मानित बोर्ड



शामली नगर पालिका में सेवानिवृत्त हुई कर्मचारी को विदाई देते चेयरमैन व अन्य।

सदस्यों के द्वारा होने वाली प्रस्तावित बोर्ड मीटिंग में  नगर क्षेत्र की जनसंख्या, आबादी के हिसाब से परिसीमन के आधार पर सफाई कर्मचारी को रखने के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा,  जिससे नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था तो और भी बेहतर बनाई जाएगी। उसके साथ ही जिन परिवारों में परिवार को चलाने के लिए रोजगार नहीं है उन परिवारों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से नगर क्षेत्र में सफाई कर्मचारी को रखा जाएगा। इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी, राखी यादव, राजस्व निरीक्षक तेजपाल, सिंह लिपिक अनिल शर्मा, लक्ष्मण सिंह, गजेंद्र सिंह, अमित कुमार, सुनील बंसल, अरविंद कुमार, समीम, अश्वनी तेजेश्वर, शशिकांत पालीवाल, सूचित पाहीवाल, प्रदीप मायूस आदि मौजूद रहे।

# शामली नगर पालिका के टंकी पर नये भवन सहित 15 करोड़ के प्रस्ताव पास



**नगर पालिका परिषद बोर्ड की पहली बैठक में सभासद अपने प्रस्ताव पेश करते हुए।**

**शामली** । नगर पालिका परिषद शामली की पहली बोर्ड बैठक में 58 प्रस्ताव पारित कर 15 करोड के विकास कार्यों पर मोहर लगी। टंकी रोड पर नगर पालिका का नया भवन बनाने, 15 नए नलकूप के अलावा दस वाटर फॉल बनवाने पांच स्थानों पर 80 से 101 फुट तक के राष्ट्रीय ध्वज का निर्णय लिया गया।

शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में नवनिर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में रखे गए प्रस्तावों में टंकी रोड पर नगर पालिका का नया भवन बनाने, हर घर बिना दुल्लू पंप तीसरी मंजिल तक पानी पहुंचाने के लिए शहर में ५ ओवरहेड टैंक बनाने, न बनाने, नगर पालिका क्षेत्र में १५ नए नलकूप, नए २० हैंडपंप अधि ष्ठापन व ४ नलकूप व २० हैंडपंप रिबोर कराए जाने, शहर के मध्य बहने वाले मुख्य नालों को सिंचाई विभाग की सहमति से ऊपर से ढंककर, पार्किंग व्यवस्था बनाने, १० वाटर फॉल विभिन्न स्थानों पर बनाने, लडकियों के लिए एसी युक्त ३ सेल्फ रीडिंग लाइब्रेरी का निर्माण करने के प्रस्ताव पारित २५ वाडों की सफाई की जिम्मेदारी आगामी ३ महीनों के लिए सफाई इंस्पेक्टर आदेश सैनी को सौंपी। हर वार्ड में चार नये खंबे देने की घोषणा और स्ट्रीट लाईटों को लगवाये जाने की सहमति बनी। चेयरमैन ने कहा कि कुछ अधिकारी कर्मचारियों से रुपये लेकर उनको डयूटी मुक्त कर देते हैं। बैठक में अधिशासी अधिकारी रामेन्द्र सिंह सहित सभी वार्ड सदस्य साजिद, अजीत, नीरज, अरविन्द, राजीव गोयल, फिरदौस, सविता, अजय कुमार, स्नेह, प्रमोद कुमार, पिंकी, आशीष गुप्ता, पूजा, मौ. हसीन, शाहिदा, अनिल कुमार, शहनाज, तौहीद, राजेन्द्र संगल, बबीता, धुरेन्द्र, रामनिवास, निशिकांत, विनोद तोमर, रोबिन गर्ग के अलावा पालिका सहायक अभियंता विशाल तोमर, अवर अभियंता श्रीकांत राणा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश सैनी, राखी यादव, राजस्व निरीक्षक तेजपाल सिंह, लिपिक अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, लक्ष्मण सिंह, अमित कुमार, साजिद, शशिकांत, वरूण कांबोज आदि भी मौजूद रहे।

# मेरी माटी मेरा देश के तहत मिट्टी के कलश वितरित




**शामली नगर पालिका में संयोजकों को कलश देते चेयरमैन।**

**शामली**। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत भाजपा नगर मंडल की एक बैठक नगर पालिका सभागार में आयोजित की गई। जिसमें 25 वार्डों में बनाए गए संयोजकों को मिटटी के कलश वितरित किए गए।

शनिवार को शहर के नगर पालिका परिषद के सभागार में भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मेरी माटी मेरा देश के जिला संयोजक पुनीत द्विवेदी ने की।

इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शहीदों के सम्मान में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत घर घर जाकर एक चुटकी चावल इकटठे करने है। ग्राम सभा के हर घर से एक चुटकी मिटटी और शहरों से एक चुटकी चावल एकत्रित किए जायेगे। जो दिल्ली में शहीदों की प्रतिमाओं के निर्माण में काम आयेगे।

## यूएस की कंपनी और टाटा मोटर्स यूपीसीएल को बेचेगी बिजली

# शामली और कैराना में बनेगा बायो एनर्जी प्लांट

हि **खास**

■ **दिवाकर झा**

शामली। शामली नगर पालिका के साथ फ्रीडम मोटर्स कंपनी एवं टाटा मोटर्स के साथ एक करार होने जा रहा है। करीब 25 साल का यह अनोखा करार होगा।

यूएस की फ्रीडम कंपनी व टाटा मोटर्स करीब 40 से 50 करोड़ रुपये की लागत से बायो एनर्जी प्लांट स्थापित कर करीब छह से 10 मेगावाट तक बिजली उत्पादन करेगी।

खास बात यह है कि निकाय की तरफ से एक भी रुपये का इन्वेंस्टमेंट नहीं किया जाएगा, बल्कि सब कुछ दोनों कंपनियां खर्च करेंगी। इसके लिए करीब 30 बीघा भूमि की तलाश शुरू कर दी गई है। ये दोनों कंपनियां यूपीसीएल को बिजली बचेंगे।

**नगर पालिका करेगा 25 साल का करार:** खास बात यह है कि इस समय टाटा मोटर्स के प्रोजेक्ट मैनेजर आमिर खान ने डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया है। डीपीआर फाइनल होते

- **आसपास 30 बीघा भूमि खरीदने की तैयारी शुरू**
- **एक प्लांट पर खर्च होंगे करीब 40 से 50 करोड़**

ही प्लांट निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा। इसको तैयार करने में छह माह से लेकर एक साल तक का समय लग जाएगा।

नगर पालिका परिषद को बिजली उत्पादन के लिए रोजाना करीब 60 टन से लेकर 100 टन गीले कूड़े की आपूर्ति करनी होगी। वर्तमान में भी नगर पालिका प्रशासन सभी 25 वार्डों से 60 टन से अधिक कूड़ा एकत्र करने का दावा किया है।

**कुड़ाना, बलवा व भैंसवाल की जा रही भूमि की तलाश:** कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर व नगर पालिका के ईओ रामेन्द्र सिंह ने प्लांट लगाने के लिए करीब 30 बीघा भूमि की तलाश शुरू कर दी है। बताया जाता है कि शहर के बाहर आसपास के गांव कुडाना, भैंसवाल व बलवा गांव आदि में भूमि चिन्हित कर खरीद करने की तैयारी चल रही है।

### एनजीटी के नियमों का पूरी तरह से होगा अनुपालन

नगर पालिका परिषद के ईओ रामेन्द्र सिंह का कहना है कि बायो एनर्जी प्लांट निर्माण एवं संचालन एनजीटी एवं एनसीआर के वायु प्रदूषण, पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित सभी दिशा निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन करेगा। यह अपने आप में यूपी का पहला पायलट प्रोजेक्ट साबित होगा। पहले शामली और बाद में कैराना में प्लांट स्थापित करने की योजना है।

“ शामली नगर पालिका परिषद बायो एनर्जी प्लांट स्थापित करने की तैयारी में है। इसके लिए यूएस की फ्रीडम कंपनी और टाटा मोटर्स से करार होने जा रही है। इससे शामली को भी भरपूर बिजली मिलने की आस है और यूपीसीएल को भी बिजली आपूर्ति की जाएगी।

– **अरविंद संगल,** चेयरमैन नगर पालिका

# कूड़ा गाड़ी कहां-कहां गई बताएगा जीपीएस

## नगर पालिका कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को दे रही आधुनिक रुप, लाउडस्पीकर से होगी कूड़ा डालने की अपील

महबूब अली

शामली। शहर के लोगों के लिए खुशखबरी है। अब कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को महानगरों की तर्ज पर अत्याधुनिक किया जाएगा। इसके अलावा सात नई गाड़ियां भी अगस्त माह से शहर के कूड़े को उठाने के लिए लगाई जाएंगी। यानी शहर की सफाई के लिए अब 13 गाड़ियां लोगों के घरों तक जाकर कूड़ा एकत्रित करेंगी। इसके अलावा अलग से 12 सफाई कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शामली शहर की आबादी करीब सवा लाख है। शहर के लोगों के घरों का कचरा एकत्रित करने के लिए छह गाड़ियों को लगाया गया है।

गाड़ियों पर तैनात कर्मचारी लोगों के घरों तक जाकर कूड़ा एकत्रित करते हैं और उस कूड़े को शहर से बाहर कूड़ा निस्तारण प्लांट पर पहुंचाते हैं।

### सोशल मीडिया पर भी लोग दे सकेंगे सुझाव



चेयरमैन अरविंद संगल ने बताया कि फेसबुक, व्हाट्सएप पर ग्रुप बनाए जा रहे हैं, जिसमें शहर के लोगों को जोड़ा जाएगा। ग्रुपों में शहर के विकास को लेकर लोगों से सुझाव मांगे जायेंगे। इसके लिए नगर पालिका की सोशल मीडिया सेल अलर्ट रहेगी। लोगों के सुझावों पर अमल करने का प्रयास किया जाएगा।

### गाड़ी में लगेंगे पांच प्रकार के बॉक्स

कचरे को अलग-अलग एकत्रित कर अलग-अलग बॉक्सों में डालने के लिए पांच अलग-अलग रंग के पांच बॉक्स गाड़ियों में लगाए जायेंगे। इसमें हरे बॉक्स में गीला, नीले में सूखा, लाल में फिर से रिसाइकल की जाने वाली चीजें, पीले में चिकित्सकों या नर्सिंग होम का वेस्ट तथा काले बॉक्स में डायपर, सेनेटरी नेपकिन, इंजेक्शन आदि को डालने की अपील लोगों से की जाएगी।

### सभी गाड़ियों पर होगा लाउडस्पीकर, सात नई गाड़ियां और चलेंगी

विस्तृत कवरेज देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने बताया कि लोगों की लगातार मांग आ रही थी कि कूड़े की गाड़ियों को बढ़वाया जाए, ताकि समय पर कूड़ा एकत्रित कर शहर से बाहर भिजवाया जा सके। लोगों की समस्याओं को देखते हुए सात और कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां मंगवाई गई हैं। सभी का ठेका भी छोड़ दिया गया है।

अगस्त माह से नई सात गाड़ियां भी शहर से कूड़ा उठाने का कार्य शुरू कर देंगी। इस बार खास बात यह रहेगी कि सभी गाड़ियों पर लाउडस्पीकर लगवाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से लोगों से कूड़ा गाड़ी में ही डालने की अपील की जाएगी। इसके अलावा इन गाड़ियों को जीपीएस से भी लैस किया जाएगा, ताकि कर्मचारी कूड़ा एकत्रित करने में लापरवाही नहीं कर सके। संवाद

# 212 युवाओं को मिला रोजगार

जागरण संवाददाता,शामली : रोजगार मेले में 436 युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीकरण कराया था। जिनमें 212 को रोजगार दिया गया। रोजगार मिलने के बाद युवाओं के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली।



रोजगार मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल ● जागरण

बुधवार को शहर के वीवी इंटर कालेज में सेवा योजन कार्यालय की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन नगर पालिका परिषद अरविंद संगल, सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेते हुये स्वयं का रोजगार स्थापित करके, दूसरों को नौकरी देने वाले बने।

इस रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन, दीन दाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, राजकीय आई.टी.आई एवं डिप्लोमा होल्डर के लगभग 436 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया था। जिसके सापेक्ष 212 युवाओं का चयन किया गया। चेयरमैन अरविंद संगल एवं मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने 15 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

कार्य

पत्रांकः— 09

समस्त वे

में 15 वां वि

/21—एल०

बुनियादी व

# सड़कों, पथ प्रकाश पर खर्च होंगे 58.48 करोड़

## नगर पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पारित, सभासदों ने वार्ड में गंदगी के साथ ही अन्य मुद्दे भी उठाए

संवाद न्यूज एजेंसी

शामली। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए 59 करोड़ 81 लाख 17 हजार 65 रुपये की कुल आय और 58 करोड़ 48 लाख रुपये की व्यय का बजट पारित किया गया। बैठक में सफाई को लेकर गंदगी के मुद्दे उठाए गए। सभासदों ने मांगों के साथ ही अपने-अपने वार्ड की समस्याएं भी रखीं।

सोमवार सुबह 11 बजे शामली नगर पालिका परिषद के सभागार में चेयरमैन अरविंद संगल की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी [illegible] सिंह ने आय व्यय का ब्योरा रखा।

वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित आय 40 करोड़ 23 लाख 30 हजार रुपये, एक अप्रैल 2023 में अवशेष मिलाकर कुल बजट 59 करोड़ 81 लाख 70 हजार 65 रुपये 49 पैसे आय और वर्ष 2024-25 प्रस्तावित व्यय 58 करोड़ 48 लाख रुपये का बजट रखा। 1 करोड़ 33 लाख 70 हजार 65 रुपये के इस साल के बचत की जानकारी दी गई।

अधिशासी अधिकारी ने 2024-25 में भवन कर से आय एक करोड़ 10 लाख रुपये, जलकर से आय एक करोड़ 10 लाख रुपये, इसके अलावा अधिभार, ब्याज, लाइसेंस व बाजार से कुल आय 18 लाख रुपये, राज्य वित्त आयोग अनुदान से प्रस्तावित आय 25 करोड़ की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में व्यय में कर्मचारियों के वेतनमद में 10 करोड़ 20 लाख रुपये, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन मद में तीन करोड़ दस लाख रुपये, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के पारिश्रमिक मद से 40 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

विकास कार्यों के लिए राज्य वित्त आयोग से कराए जाने वाले कार्य पर 13 करोड़ रुपये, 15वें वित्त आयोग से 14 करोड़ रुपये, नगरीय जल निकासी पर एक करोड़ रुपये, उद्यान, झील संरक्षण पर 15 करोड़ रुपये और पालिका निधि से सड़क-मरम्मत पर 30 करोड़ रुपये, [illegible] व्यवस्था पर दो करोड़ 56 लाख रुपये, डोर टू डोर सफाई व्यवस्था पर एक करोड़ 55 लाख रुपये, नाली निर्माण पर 90 लाख रुपये खर्च किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।





शामली नगर पालिका में आयोजित बोर्ड बैठक में अपनी बात रखते सभासद। संवाद



बैठक में मौजूद चेयरमैन। संवाद



नगर पालिका में आयोजित बोर्ड बैठक में भाग लेते सभासद। संवाद

बैठक में सदस्यों ने पिछले बोर्ड के कार्यकाल के स्वीकृत कार्यों को पूरा कराने की मांग की। जिस पर नगरपालिका परिषद के चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि पिछले बोर्ड कार्यकाल का अब कोई कार्य नहीं होगा।

पिछले बोर्ड के कार्य निरस्त समझें। उनके कार्यकाल के कार्यों को ही पूरा कराया जाएगा। बैठक में 25 सदस्यों में से कुल 22 सदस्य मौजूद रहे।

### सदस्यों ने उठाए मामले

बोर्ड बैठक में सदस्य [illegible] ने [illegible] कार्यों का मामला उठाते हुए ठेकेदार की [illegible] करने और [illegible] रोड पर नाले के पुल के पास गंदगी हटाने, मोहल्ला [illegible] में [illegible] के पास गंदगी हटाने, [illegible] की सफाई कराने और [illegible] चालू कराने और [illegible] की नाली में [illegible] का मुद्दा उठाया। सदस्य [illegible] ने जन्म मृत्यु और नाम परिवर्तन कराने का मुद्दा उठाते हुए लंबित मामलों का निस्तारण कराने की मांग की। [illegible] ने नगर पालिका की दुकानों की [illegible] की मांग की। [illegible] ने भी समस्याएं रखीं।

### शिकायत पर सफाई कर्मचारी निलंबित

वार्ड 20 की सदस्य [illegible] ने सफाई कर्मचारी के वार्ड में न आने का मामला उठाया। चेयरमैन अरविंद संगल ने सफाई निरीक्षक से रिपोर्ट तलब की। बताया कि मामले की शिकायत पर सफाई कर्मचारी का पांच दिन पूर्व तबादला किया जा चुका है। तबादले के बाद सफाई कर्मचारी गायब है। चेयरमैन ने सफाई कर्मचारी को निलंबित करने के निर्देश दिए। वार्डों में सफाई कर्मचारियों का संतुलन बनाने के लिए पांच सदस्यों की कमेटी बनाई गई।

[redacted]

# नाले की सफाई के दौरान मिला बाइक का चेसिस, जांच

जागरण संवाददाता, शामली : मेरठ के सोतीगंज में वाहन कटान का काम बंद होने के बाद आसपास के जिलों में शुरू हो गया है। पिछले दिनों झिंझाना में वाहन कटान का राजफाश हुआ था। अब नगर में नाले की सफाई के दौरान बाइक का चेसिस मिला है। सूचना पर पुलिस पहुंची और चेसिस को ले गई। मामले की जांच की जा रही है।

वाहनों का कटान मेरठ में बंद होने के बाद से आसपास के जिलों में हो रहा है। पुलिस की लगातार हो रही कार्रवाई से यह साबित है। झिंझाना क्षेत्र में लंबे समय से वाहन कटान हो रहा था। एसओजी और थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से कई वाहनों के पुर्जे और अन्य सामान बरामद किया था।



शामली के मोहल्ला अटल विहार में निकट नाले में सफाई के दौरान मोटरसाइकिल का मिला चेसिस ● जागरण

पहले तो गोदाम संचालक नीलामी के वाहन खरीदने और उनको काटने की बात कर रहे थे, लेकिन जब पुलिस ने कागजात दिखाने के लिए कहा तो ऐसा नहीं कर सके।

इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। रविवार को कोतवाली क्षेत्र में अटल विहार के पास नगर पालिका की टीम नाले की सफाई कर रही थी। तभी जेसीबी में कुछ फंसा। चालक ने उसे बाहर निकाला तो वह बाइक का चेसिस था। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई थी। बड़ा सवाल यह है कि नाले में बाइक का चेसिस कहां से आया, किसी ने वाहन काटने के बाद तो यहां नहीं डाल दिया, जिले में कहीं और तो कटान का काम नहीं हो रहा है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जाएगी। टीम सभी बिंदुओं पर कार्य कर रही है। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब पांच साल पहले भी एक बार नाले में बाइक का चेसिस मिला था। तब भी पुलिस जांच के लिए आई थी। आज तक उसके बारे में भी कुछ पता नहीं चल सका।



शामली नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद संगल को शपथ दिलाते एडीएम संतोष कुमार सिंह।



शामली नगर पालिका के नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेते हुए।

## शामली में बनी ट्रिपल इंजन की सरकार, अरविंद संगल ने संभाली चेयरमैन कुर्सी, एडीएम संतोष कुमार सिंह ने दिलाई शपथ

# शपथ के साथ शहर में रिकॉर्ड विकास का वादा

शामली, संवाददाता। शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में शामली नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित चेयरमैन एवं सभी 25 वार्डों के सभासदों को एडीएम संतोष कुमार सिंह ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसी के साथ शामली में ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई। शपथ लेते हुए चेयरमैन अरविंद संगल ने सभी का आभार जताते हुए रिकार्ड तोड़ विकास कार्य कराने का वादा किया।

शनिवार की दोपहर तीन बजे से आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनिवाल, कैराना संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, एमएलसी विरेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल पहुंचे।

इस दौरान एडीएम संतोष कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित चेयरमैन अरविंद संगल सहित सभासदों हाजी साजिद, अजीत कुमार, नीरज, अरविन्द कुमार, राजीव गोयल, फिरदौस, सविता देवी, अजय कुमार ..., प्रमोद कुमार, पिंकी, ...जा, मौहम्मद हसीन, ..., अनिल कुमार, शहनाज, तोहिद रहमानी, डा. राजेन्द्र संगल, बबीता, धुरेन्द्र सिंह, रामनिवास सैनी, निशिकांत संगल, विनोद तोमर, रोबिन गर्ग को भी शपथ ग्रहण कराई गई। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों का विभिन्न सामाजिक संगठनों, भाजपा नेताओं, व कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविन्द संगल ने कहा कि शामली शहर में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जाएंगे। जो विकास कार्य पूर्व के कार्यकाल में अधूरे रह गए थे उन्हें पूरा किया जाएगा।

संचालन डॉ. राजेंद्र गोयल, पशपाल द्वारा किया गया। मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश गौड़ कश्यप, जेके जैन, जयदेव प्रमुख, रामपाल प्रमुख, ईओ रामेन्द्र सिंह, कुंज बिहारी अग्रवाल, पूर्व आईजी विजय गर्ग, मीनू संगल, बीना अग्रवाल, शशि अरोरा, घनश्याम पारचा, सचिन जैन, अजय संगल, संजय संगल, नफीस मौजूद रहे।



शामली नगर पालिका के शपथ ग्रहण समारोह में उमड़ी लोगों की भीड़।



झिझाना में चेयरमैन सुरेश कश्यप को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई देते मोहित बेनीवाल।

### दो शिफ्ट में हुई सभासदों की शपथ

नवनिर्वाचित सभासदों को शपथ दो शिफ्टों में दिलाई गई। वार्ड संख्या 1 से वार्ड संख्या 7 तक के सदस्यों को शपथ दिलाई गई इसके पश्चात वार्ड संख्या 8 से वार्ड संख्या 15 तक के सभासदों को शपथ दिलाई गई।

### छह महिला सभासदों ने ली शपथ

इस बार नगर पंचायत जलालाबाद के 15 वार्डों में से 6 महिलाओं ने शपथ ली। वार्ड 2 से रीना कोरी, वार्ड 5 से पूनम, वार्ड 6 से आशफा, वार्ड 8 से प्रमिला सैनी, वार्ड 9 से इमराना, वार्ड 13 से शमीमा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

### कस्बे में कराया जाएगा भरपूर विकास : मोहित बेनीवाल

झिझाना। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप एवं सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह में आए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने कस्बे में पहली बार कमल खिलने पर बधाई दी। कस्बे में भरपूर विकास करने का भी वादा किया। उन्होंने इस जीत को आने वाले लोकसभा चुनाव की जीत का आगाज बताया है। वहीं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश गौड़ कश्यप, तेजेन्द्र निर्वाल, जिलाध्यक्ष सतेन्द्र तोमर ने भी शामली और झिझाना में कमल खिलने पर बड़ी जीत बताया।

# नए पंचवर्षीय कर निर्धारण को होगा सर्वे

**शामली, वरिष्ठ संवाददाता।** शहर में नए पंचवर्षीय कर निर्धारण की प्रक्रिया को लेकर शायद अब नगर पालिका गंभीर दिख रही है। नया गृहकर एवं जलकर निर्धारित करने के लिए नगर पालिका शहर में आवासीय एवं व्यसायिक आदि भवनों का सर्वे प्रारंभ करने की तैयारी में लगी है। हालांकि, यह सब लोकसभा चुनाव के बाद ही हो सकेगा कारण अब कभी भी आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई जा रही है। शामली नगर पालिका परिषद के पंच वर्षीय कर निर्धारण की समयावधि मार्च में पूरी होने जा रही है। इससे पहले ही नगर पालिका परिषद को नया कर निर्धारित करने के लिए सर्वे आदि पूरा करा लेना चाहिए थी लेकिन नगर पालिका की ओर से इस पर पहल नहीं की गई।

### शहर के वार्षिक कर का लक्ष्य एवं वसूली

| | लक्ष्य | प्राप्ति |
|---|---|---|
| गृहकर | 155.11 लाख | 106.58 लाख |
| जलकर | 150.45 लाख | 105.11 लाख |
| अन्य | 145.45 लाख | 86.25 लाख |
| योग | 450.71 लाख | 297.94 |

अब नगर पालिका को कर निर्धारण की याद आई है। अब नगर पालिका ने शहर में नए कर निर्धारण की तैयारियां शुरू कर दी है।

चालू कर निर्धारण के अनुसार शहर में 25 वार्ड है। इन सभी में 27799 आवासीय एवं 1746 सहभवन यानि जिनमें आवास के साथ दुकानें भी है। इसके अलावा 2964 व्यवसायिक भवन है।कुल मिलाकर नगर पालिका 32509 भवनों से गृहकर एवं जलकर वसूल रही है। नए पंचवर्षीय नए कर निर्धारण के लिए नगर पालिका द्वारा शहर में सर्वे कराया जायेगा। इस सर्वे के बाद ही भवनों की स्थिति साफ होगी। सर्वे होने के बाद शहर के लोगों से आपत्तियां मांगी जायेगी। आपत्तियों की सुनवाई एवं निस्तारण होने के बाद ही पंचवर्षीय कर निर्धारित किया जायेगा।

### पालिका वसूल रही गृहकर और जलकर

नगर पालिका द्वारा फिलहाल जो कर वसूला जा रहा है वह प्रति वर्ग गज के हिसाब से लिया जा रहा है। इसमें आवासीय भवनों से दो रुपये प्रति गज और व्यवसायिक भवनों पर दस रुपये प्रति वर्ग मीटर व किराएदारी भवन कर भी दस रुपये प्रति वर्ग गज वार्षिक दर से वसूला जा रहा है।

“ पंचवर्षीय कर निर्धारण के लिए शहर में सर्वे कराया जायेगा। पालिका कर्मचारी ही सर्वे करेंगे। सर्वे के बाद आपत्तियों पर सुनवाई और निस्तारण के बाद कर निर्धारण को अंतिम रूप दिया जायेगा। **-रामेंद्र सिंह,** ईओ शामली नगर पालिका

आज दिनांक 14-03-2024 को नगर पालिका परिषद शामली के वार्ड 17मोमीन नगर नाला पटरी पर वैलफैयर मोहल्ला स्वच्छता समिति का सामुदायिक कम्पोस्टर चैक किया गया व उसमे कर्मचारी द्वारा गीला कचरा डलवाया गया






# सेफ्टी टैंक सफाई के लिए चेयरमैन ने दिखाई हरी झंडी

## टैंक की सफाई के लिए शुल्क का किया निर्धारण, पहली रसीद सुधीर रुहेला के नाम काटी

**शामली:** नगर पालिका परिषद शामली जनपद शामली में अमृत योजना के अन्तर्गत निर्मित 32 केएलडी एफएसटीपी गांव लिलौन खेडी में स्थापित किया गया है। इसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद शामली अध्यक्ष अरविंद संगल द्वारा योजना की प्रथम रसीद सुधी रुहेला मोहल्ला शांति नगर शामली के नाम काट कर गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने एफएसटीपी के बारे में बताया कि सेफ्टी टैंक साफ कराए जाने के लिए तीन उपकरण नगर पालिका को मिले हैं। इनमें दो गाडी टाटा 710 व एक गाड़ी टाटा योद्धा है। इससे सेफ्टी टैंक से सलज सफाई कर प्लांट पर ट्रीटमेंट के लिये सोविल सोटी वर्क (अनलोडिंग टैंक) में खाली कर सलज को फिकल टैंक में एकत्र करते हुए डिवाटर मशीन द्वारा सलज अलग व पानी अलग कर स्लज को सुखाकर खाद के रूप में प्रयोग किया जाएगा व पानी को आक्सीजन टैंक द्वारा पानी में आक्सीजन की मात्रा बड़ा कर क्लोरींग टैंक द्वारा पानी साफ कर वाटर स्टोरेज टैंक में साफ पानी स्टोर किया जाएगा ताकि एकत्रित जल को सिंचाई के प्रयोग में लाया जा सके।



**शामली नगर पालिका कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर एफएसटीपी के लिए वाहन को रवाना करते चेयरमैन अरविद संगल सौ. स्वयं**

इस अवसर पर प्रदीप कुमार सामान्य कार्यालय लिपिक, सभासद रोविन गर्ग, अनिल उपाध्याय, संजय उपाध्याय, राजीव मलिक, लक्ष्मण सिंह, शशिकांत पाहीवाल, दीपक चंद्रा आदि मौजूद रहे।

**नाले में किया सेफ्टी टैंक खाली, तो लगे एक लाख का जुर्माना**

चेयरमैन ने बताया कि नगर क्षेत्र शामली में प्राइवेट व्यक्ति यदि कोई सेपटी टैंकर नालों में खाली करते हुए पाया जाता है तो उस पर नगर पालिका द्वारा एक लाख रुपये का जुर्माना लगाकर वसूलेगी। अगर कोई बाहरी व्यक्ति अपने सेफ्टी टैंकर को खाली करने के लिये नगर पालिका के एफएसटीपी प्लांट पर जाता है तो उससे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**सेफ्टी टैंक खाली करने के लिए शुल्क का किया गया निर्धारण**

सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राखी यादव ने बताया कि सेफ्टी टैंक खाली करने के लिये प्रति चक्कर 600 रुपये छोटा टैंकर व एक हजार रुपये प्रति चक्कर बड़ा टैंकर देना होगा। सेफ्टी टैंक सफाई या खाली कराने के लिए नगर पालिका के सफाई विभाग में संपर्क कर रसीद कटा सकता है।

चुनावी आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन एक्शन में आ गया। आज दिनांक 17-03-2024 को अध्यक्ष महोदय एवं अधिशासी अधिकारी महोदय के आदेश अनुसार पालिका ने अभियान चलाकर राजनीतिक दलों के होर्डिंग—बैनर उतरवा दिए।



फ़ोटो - 01



फ़ोटो - 02

दिनांक 24-03-2024 को नगर पालिका शामली के सफाई निरीक्षक आदेश कुमार सैनी के नेतृत्व में होली के पर्व पर स्वच्छता मित्रों द्वारा साफ सफाई कर आकर्षक रंगोली बनाकर चूना छिड़काव कराया गया।




फ़ोटो - 01




फ़ोटो - 02




शिवरात्रि के पावन अवसर पर, भगवान शिव की कृपा आपके ऊपर सदा बनी रहे।

शिवरात्रि के इस पावन दिन पर, आपको भगवान शिव की कृपा सदा मिले।

भगवान शिव की कृपा से, आपकी जिंदगी में सुख, शांति और समृद्धि हमेशा बनी रहे।


इस महाशिवरात्रि पर, आपके जीवन में हर कठिनाई का समाप्त हो, और खुशियों का आगमन हो।


शिव की कृपा से, आपके सभी काम सफल हों और आप जीवन में सदैव खुश रहें।




रमजान मुबारक हो, खुशियों का महीना शुरू हो गया।
इस रमजान में आपके घर में खुशियों की बरसात हो।
खुदा से प्रार्थना है कि यह रमजान आपको सभी अच्छाईयों से भर दे।
रमजान का महीना आपके लिए सकारात्मक बदलाव लाए।
इस मुबारक मौके पर, खुशियों का सफर शुरू करें।


आप सभी को खुशियों और रंगों का त्योहार
होली
की
हार्दिक शुभकामनाएं





# संपर्क करें

http://nppshamli.in/

9628949402 , 01398-250049

nppshamli@gmail.com

